अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

काशीपुरः पुलिस ने नकली दवाई बनाने के आरोपी को किया गिरफ्तार

काशीपुर, अमृत विचार। ड्रग्स इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम ने कुंडेश्वरी स्थित एक मकान से बड़ी तादाद में अपमिश्रित दवा व पैकिंग का सामान बरामद किया है। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मिलावटी दवा तैयार कर बेचने और धोखाधड़ी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है।

डीएम उदयराज सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने प्रशासनिक व पुलिस टीम के साथ कुंडेश्वरी स्थित एक मकान में छापा मारा था। टीम ने मौके से मधु नाशक दवा के सील बंद डिब्बे, प्रिंटेड रैपर, सील पैकिंग स्टीकर, दो प्रेस, प्लास्टिक की चम्मच, 4 मिक्सी व 8 मिक्सी के जार के अलावा एलोपैथिक दवाइयां बरामद की थीं। जानकारी करने पर पता लगा कि काफी समय से तीन लोग शुगर की आयुर्वेदिक दवाई तैयार कर बेच रहे थे। जिसका सेवन करने वाले व्यक्तियों को किडनी संबंधी समस्याएं आ रही थीं।

Source: https://www.amritvichar.com/article/447644/kashipur-police-arrested-the-accused-of-making-fake-medicines#gsc.tab=0